ॐ

निबंधन संख्या - 927/08-09 दूरभाष :: 0651-3512271, 2251008

विद्या विकास समिति, झारखण्ड

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)
शुक्ला कॉलोनी, हिनू, पत्रा.-डोरण्डा, राँची - 834002
E-mail - vvs.jharkhand@yahoo.com, vvs.jharkhand@gmail.com **Web** - http://www.vvsjharkhand.org.in

पत्रक क्र. : 20/2022-23 (आश्विन कृष्ण 13 वि. सं. 2079 युगाब्द 5124) दिनांक : 23/09/2022

मान्यवर/मान्या,

सादर नमस्कार।

यह बहुत ही प्रसन्नता का विषय है कि **गीता जयंती** (04 दिसंबर 2022) के सुअवसर पर इस्कॉन (ISKCON) राँची एवं Learn Gita Live Gita (LGLG) के संयुक्त तत्वावधान में **कृष्णानुशीलनम 2022** नाम से "**भगवद् गीता**" पर ऑनलाईन अंतर्राष्ट्रीय गीता प्रतियोगिता करने जा रही है।

इस्कॉन का भगवद् गीता को लेकर विश्वव्यापी अभियान प्रसंसनीय रहा है। प्रौढ़ों के लिए ही नहीं तो नवयुवक-नवयुवतियों के लिए भी गीता सदा मार्गदर्शक रहा है।

कृष्णानुशीलनम 2022 छात्रों को एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाईन मंच प्रदान करता है। जहाँ वो गीता से संबंधित अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता हमारे स्वर्णिम पौराणिक संस्कार, हमारे मूल को और सुदृढ़ करने में सहायक होगी। **कृष्णानुशीलनम 2022** में छः प्रकार की प्रतियोगिताएँ (अलग-अलग समूहों में) छात्रों एवं अन्य के लिए आयोजित की जा रही है। न्यूनतम आयू 03 वर्ष एवं उससे ऊपर के लिए है। जिसके विषय निम्नलिखित है -

1. भागवत गीता - प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता।
2. भागवत गीता - श्लोक उच्चारण।
3. भागवत गीता - कला प्रतियोगिता।
4. भागवत गीता - निबंध लेखन प्रतियोगिता।
5. भागवत गीता - एक्सटेम्पोर।
6. भागवत गीता - खजाने की खोज।

इस प्रतियोगिता को विशिष्ठ व्यक्तियों के मागदर्शन में संपादित कराया जाएगा तथा विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। पुरस्कार के अलावा प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएगा। **प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन निःशुल्क है। पंजीयन के लिए https://gitanushilanam.learngitalivegita.com पर** कंप्यूटर या मोबाईल के किसी भी ब्राउजर पर टाईप कर खोला जा सकेगा।

अतः झारखण्ड प्रांत के अंतर्गत चलने वाले अपने समस्त सरस्वती शिशु/विद्या मंदिरों में इस ऑनलाईन प्रतियोगिता में हमारे भैया-बहन बैठे तथा अपनी क्षमतानुसार अपने साथ-साथ संस्थान का भी नाम उज्जवल करें। इसे एक कार्यक्रम के रूप में न लेकर अपने ज्ञान, चैतण्य एवं आदर्शों को बढ़ाने का कार्य भी करना है।

आलोक :-

1. उपरोक्त लिंक को खोलने के बाद उसमें आपको विभिन्न प्रकार की जानकारी मिलेगी। आप अपने रूचि एवं योग्यता के अनुसार प्रतियोगिता में (समूहशः) भाग ले सकते हैं।
2. किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता अथवा जानकारी के लिए डा. पदम चरण बेहरा जी के दूरभाष संख्या 7739897317, 8309635099 पर संपर्क किया जा सकता है।

23/09/2022

(अजय कुमार तिवारी)
प्रदेश सचिव
विद्या विकास समिति, झारखण्ड